प्रधानमंत्री ने तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के शुरू होने की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2023 के शुरू होने की घोषणा की।

प्रमुख बिदु

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण का आयोजन 25 मई से 3 जून तक उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। इन खेलों का समापन समारोह तीन जून को वाराणसी में होगा।
- तीसरे केआईयूजी में देश के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4750 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं, जो 21 खेल श्रेणियों में प्रतिस्पर्द्धा करेंगे।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के इस संस्करण का शुभंकर 'जीतू', उत्तर प्रदेश के राजकीय पशु बारहसिधा को बनाया गया है।
- विदित है कि 23 मई, 2023 को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिह पथिक (एसवीएसपी) स्टेडियम में पुरुषों और महिलाओं के कबड्डी के ग्रुप लीग खेल से केआईयूजी की शुरुआत हो चुकी है।
- सात अन्य खेलों- बास्केटबॉल, फुटबॉल, रग्बी, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और मल्लखंब के प्रारंभिक दौर और समूह खेल भी 24 मई, 2023 को लखनऊ के तीन स्थानों पर शुरू हुए।
- राज्य के चार शहर लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और नोएडा विभिन्न खेलों की मेजबानी करेंगे, जबकि दिल्ली के डॉ. करणी सिह शूटिग रेंज, शूटिग स्पर्द्धा की मेजबानी करेगा।
- गोरखपुर के रामगढ़ ताल में होने वाली रोइंग स्पर्द्धा, इस केआईयूजी के साथ वाटर-स्पोर्ट्स की शुरुआत को भी सुनिश्चित करेगी।
- विदित है कि प्रधानमंत्री ने देश में खेल की संस्कृति को और विकसित करने तथा देश के युवाओं को खेलों के लिये प्रोत्साहित करने पर बहुत ध्यान दिया है। सरकार द्वारा उदीयमान खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिये विभिन्न योजनाएँ शुरू की गई हैं और देश में खेल के इकोसिस्टम को मजबूत करने के प्रयास किये गए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक और शानदार कदम है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-declares-3rd-khelo-india-university-games-open